दिनांक–03.04.2024 समय–7.10एएम

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :–

- चुनावों के दौरान गलत सूचनाओं के प्रसार से निपटने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा Myth vs Reality Register किया गया लॉन्च।
- प्रदेश में दूसरे चरण की सात लोकसभा सीटों के लिए अब तक 27 नामांकन पत्र हुए दाखिल।
- शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए राज्य में चौतरफा प्रयास जारी।
- आईपीएल में लखनऊ सुपर जॉइंट्स ने रॉयल चैलेन्जर्स बेंगलुरु को 28 रन से हराया।

चुनाव आयोग–रजिस्टर लॉन्च

लोकसभा निर्वाचन में गलत सूचनाओं के प्रसार से निपटने के लिए, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा Myth vs Reality Register लॉन्च किया गया है। यह भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। चुनाव में गलत सूचना और झूठी कहानियों के प्रसार की बढ़ती चिंता के साथ, ईसीआई की यह अभिनव और सक्रिय पहल यह सुनिश्चित करने का एक विशेष प्रयास है कि मतदाताओं को पूरी चुनावी प्रक्रिया के दौरान सटीक और सत्यापित जानकारियां ही मिलें। Myth vs Reality Register पोर्टल में चुनाव अवधि के दौरान प्रसारित भ्रामक समाचारों, मिथकों और झूठ का प्रतिकार करने के लिए तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध रहेगी।

नामांकन–दूसरा चरण

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया 28 मार्च से जारी हो चुकी है। दूसरे चरण के नामांकन के तीसरे दिन कल 13 उम्मीदवारों ने 19 नामांकन पत्र भरे। अब तक 21 उम्मीदवारों द्वारा 27 नामांकन दाखिल किये जा चुके हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि टीकमगढ़ में एक, दमोह में 2, खजुराहो में 2, सतना में 4, रीवा में 3 और बैतूल में 1 उम्मीदवार द्वारा 3 नामांकन पत्र दाखिल किये गये हैं। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल है। इसके अगले दिन 5 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। प्रत्याशी 8 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा।

नड्डा–जबलपुर दौरा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कल जबलपुर में आयोजित 'शक्ति केन्द्र प्रमुख, बूथ अध्यक्ष, त्रिदेव सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता बहुत भाग्यशाली हैं। ये उस दल के कार्यकर्ता हैं, जिसके चेहरे पर चुनाव में उतरने से पहले ही जीत का आत्मविश्वास साफ झलक रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने वह समय भी देखा है जब नामांकन पत्र भरते समय ही प्रत्याशियों के मन में अपनी जीत को लेकर संदेह रहता था और आज वह समय भी देख रहे हैं जब जीत की नहीं अपितु वोटों के अंतर की बात कर रहे हैं। श्री नद्दा ने बताया कि इस सफलता के पीछे चार–चार पीढ़ियां खप गई हैं, उनका तप और परिश्रम है, जिसका फल आज के कार्यकर्ताओं को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन ही अन्य पार्टियों की जनसभाओं से बड़ा होता है।

कांग्रेस–शिकायत

कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में भ्रामक और विभाजन कारी विज्ञापनों पर रोक लगाने की मांग की है। आयोग के साथ बैठक के बाद वरिष्ठ पार्टी नेता सलमान खुर्शीद ने कहा कि पार्टी ने आयोग से फर्जी और भ्रामक खबरों से निपटने के लिए तकनीक का उपयोग करने का आग्रह किया है।

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि भाजपा कच्चातिवू द्वीप के बारे में जोर–शोर से बात करती है, लेकिन वो चीन का नाम लेने से भी डरती है। नई दिल्ली में पार्टी नेता मनीष तिवारी ने कहा कि चीन की सेना को भारतीय सीमा में घुसपैठ किए लगभग चार साल हो गए हैं लेकिन सरकार अब तक चुप है।

जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी

मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे... और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

मतदाता जागरूकता

प्रदेश में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं और अलग अलग गतिविधियों के माध्यम से लोगों को इस अभियान से जोड़ा जा रहा है। झाबुआ में कलेक्टर नेहा मीना ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 5 अप्रैल महिलाओं की वाहन रैली निकालने के लिए विभिन्न विभागों और सामाजिक संस्थाओं की महिला प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। रायसेन जिले में भोजपुर विधानसभा के बाड़ी विकासखण्ड के ग्राम गोल में स्व–सहायता समूहों की दीदियों द्वारा घर–घर जाकर महिलाओं को मतदान करने का संकल्प दिलाया गया। औबेदुल्लागंज में भी नगर परिषद द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। मंदसौर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने पीजी कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उज्जैन में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विकासखंड तराना के ग्राम चूनाखेड़ी में वाहन रैली का आयोजन किया। रैली में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सतना जिले में सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में मेंहदी और रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। वहीँ, व्यय निगरानी दलों द्वारा नाकों पर अवैध रुप से परिवहन की जा रही सामग्री के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। निवाड़ी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मतदाता जागरूकता अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बालाघाट जिले में किरनापुर जनपद के जरही पंचायत और लांजी की आगनवाड़ी केंद्र की महिलाओं ने दीपक और मोमबत्तियां जलाकर रौशनी करते हुए मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया। यहाँ के किरनापुर महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। दमोह में दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दिव्यांग जागरूकता रैली निकाली गयी। नर्मदापुरम जिले की तहसील इटारसी के ग्राम सोनासावरी में महिलाओं ने खो–खो खेल के माध्यम से मतदाताओं को जिले में दूसरे चरण में होने वाले चुनाव में शत–प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया।

एसपीओ नियुक्ति

लोकसभा निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिये प्रदेश में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं अतिथि शिक्षकों को विशेष पुलिस अधिकारी–एसपीओ के रूप में नियुक्त किया जा सकेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश को इस आशय की स्वीकृति दे दी गई है। आयोग द्वारा यह स्वीकृति सिर्फ इसी लोकसभा निर्वाचन के लिये दी गई है।

बिजली चोरी इनाम

मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली चोरी की सूचना देने वालों को अब तक 2 लाख रुपये का पारितोषिक दिया गया है। योजना में लगभग 55 प्रकरणों में सूचना प्राप्त होने के बाद 27 प्रकरणों में अवैध बिजली की चोरी पाये जाने पर, बिल की राशि 20 लाख रुपये की शत–प्रतिशत वसूली की गई थी। गौरतलब है कि कंपनी द्वारा विद्युत की चोरी के प्रभावी रोकथाम एवं विद्युत के अवैध उपयोग को रोकने के लिए यह योजना चलाई गई है। योजना के तहत कोई भी व्यक्ति बिजली के अवैध उपयोग के संबंध में सूचना दे सकता है।

आईपीएल – क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में आज विशाखापत्तनम के डी० वीई० एस० स्टेडियम में डेल्ही कैपिटल्स का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। ये मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा। वहीँ कल बैंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में लखनऊ सुपर जॉइंट्स ने रॉयल चैलेन्जर्स बेंगलुरु को 28 रन से हरा दिया है। रॉयल चैलेन्जर्स बेंगलुरु की टीम 182 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 19 ओवर 4 गेंद में 153 पर पर ढेर हो गई। सुपर जाइंट्स के लिए मयंक यादव को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- भोपाल के पॉलीक्लिनिक गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया एवं संजीवनी क्लिनिक सेवानिया गोंड को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड के तहत क्वालिटी सर्टिफिकेट दिया गया है। यह प्रमाणीकरण स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा दिया गया है।

- आगरमालवा जिले के समस्त शासकीय व अशासकीय विद्यालयों मे स्कूली बच्चों में खानपान, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी जागरूकता लाने के उद्देश्य से हेल्थ क्लब का गठन होगा।
- इंदौर में राबर्ट नर्सिंग होम में 12 से 14 अप्रैल तक निःशुल्क प्लास्टिक सर्जरी शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें कटे होंठ, तालू एवं जले हुए मरीजों का ऑपरेशन एवं निःशुल्क प्लास्टिक सर्जरी की जायेगी।
- शिवपुरी जिले में जिला प्रशासन द्वारा आदतन अपराधी के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही की कड़ी में आदतन अपराधियों को जिलाबदर घोषित किया है।
- केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर में पुस्तकोपहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के सभी कक्षाओं के छात्र–छात्राओं ने अपने छोटे भाई बहनों को पुस्तके उपहार में भेंट की।
- खंडवा जिले के आदिवासी बाहुल्य खालवा ब्लॉक के ग्राम धावड़ी में दो दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा हैं। यह मेला रावण पुत्र मेघनाद की पूजा अर्चना के लिए आयोजित जाता है।

———————————

## न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

### (1) नामांकन-दूसरा चरण

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया 28 मार्च से जारी हो चुकी है। दूसरे चरण के नामांकन के तीसरे दिन कल 13 उम्मीदवारों ने 19 नामांकन पत्र भरे। अब तक 21 उम्मीदवारों द्वारा 27 नामांकन दाखिल किये जा चुके हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि टीकमगढ़ में एक, दमोह में 2, खजुराहो में 2, सतना में 4, रीवा में 3 और बैतूल में 1 उम्मीदवार द्वारा 3 नामांकन पत्र दाखिल किये गये हैं। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल है। इसके अगले दिन 5 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। प्रत्याशी 8 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा।

### (2) नड्डा-जबलपुर दौरा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कल जबलपुर में आयोजित 'शक्ति केन्द्र प्रमुख, बूथ अध्यक्ष, त्रिदेव सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता बहुत भाग्यशाली हैं। ये उस दल के कार्यकर्ता हैं, जिसके चेहरे पर चुनाव में उतरने से पहले ही जीत का आत्मविश्वास साफ झलक रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने वह समय भी देखा है जब नामांकन पत्र भरते समय ही प्रत्याशियों के मन में अपनी जीत को लेकर संदेह रहता था और आज वह समय भी देख रहे हैं जब जीत की नहीं अपितु वोटों के अंतर की बात कर रहे हैं। श्री नदद्दा ने बताया कि इस सफलता के पीछे चार-चार पीढ़ियां खप गई हैं, उनका तप और परिश्रम है, जिसका फल आज के कार्यकर्ताओं को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन ही अन्य पार्टियों की जनसभाओं से बड़ा होता है।

### (3) एसपीओ नियुक्ति

लोकसभा निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिये प्रदेश में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं अतिथि शिक्षकों को विशेष पुलिस अधिकारी-एसपीओ के रूप में नियुक्त

किया जा सकेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश को इस आशय की स्वीकृति दे दी गई है। आयोग द्वारा यह स्वीकृति सिर्फ इसी लोकसभा निर्वाचन के लिये दी गई है।

(4) मतदाता जागरूकता-प्रदेश

प्रदेश में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं और अलग अलग गतिविधियों के माध्यम से लोगों को इस अभियान से जोड़ा जा रहा है। झाबुआ में कलेक्टर नेहा मीना ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 5 अप्रैल महिलाओं की वाहन रैली निकालने के लिए विभिन्न विभागों और सामाजिक संस्थाओं की महिला प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। रायसेन जिले में भोजपुर विधानसभा के बाड़ी विकासखण्ड के ग्राम गोल में स्व-सहायता समूहों की दीदियों द्वारा घर-घर जाकर महिलाओं को मतदान करने का संकल्प दिलाया गया। औबेदुल्लागंज में भी नगर परिषद द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। मंदसौर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने पीजी कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उज्जैन में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विकासखंड तराना के ग्राम चूनाखेड़ी में वाहन रैली का आयोजन किया। रैली में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सतना जिले में सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में मेंहदी और रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। वहीँ, व्यय निगरानी दलों द्वारा नाकों पर अवैध रुप से परिवहन की जा रही सामग्री के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। निवाड़ी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मतदाता जागरूकता अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बालाघाट जिले में किरनापुर जनपद के जरही पंचायत और लांजी की आगनवाड़ी केंद्र की महिलाओं ने दीपक और मोमबत्तियां जलाकर रौशनी करते हुए मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया। यहाँ के किरनापुर महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। दमोह में दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दिव्यांग जागरूकता रैली निकाली गयी। नर्मदापुरम जिले की तहसील इटारसी के ग्राम सोनासावरी में महिलाओं ने खो-खो खेल के माध्यम से मतदाताओं को जिले में दूसरे चरण में होने वाले चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया।

(5) बिजली चोरी इनाम-प्रदेश

मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली चोरी की सूचना देने वालों को अब तक 2 लाख रुपये का पारितोषिक दिया गया है। योजना में लगभग 55 प्रकरणों में सूचना प्राप्त होने के बाद 27 प्रकरणों में अवैध बिजली की चोरी पाये जाने पर, बिल की राशि 20 लाख रुपये की शत-प्रतिशत वसूली की गई थी। गौरतलब है कि

कंपनी द्वारा विद्युत की चोरी के प्रभावी रोकथाम एवं विद्युत के अवैध उपयोग को रोकने के लिए यह योजना चलाई गई है। योजना के तहत कोई भी व्यक्ति बिजली के अवैध उपयोग के संबंध में सूचना दे सकता है।

-------------------------------